पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# गौतमबुद्ध नगर दौरे पर ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी सहित अन्य अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## जेवर एयरपोर्ट के लिए निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु ऊर्जा मंत्री के सख्त निर्देश

## नोएडा में नवीनतम अत्याधुनिक कमर्शियल कार्यालय स्थापित करने की घोषणा

## अनावश्यक शटडाउन पर रोक, उपभोक्ता सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकतारूमंत्री श्री ए.के. शर्मा

लखनऊ :15 नवंबर, 2025

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा ने अपने गौतमबुद्ध नगर भ्रमण के दौरान कल देर शाम नोएडा में पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने गौतमबुद्ध नगर और विशेषकर जेवर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पर विस्तृत दिशा निर्देश दिए।

मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जेवर एयरपोर्ट एक महत्वपूर्ण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, इसलिए यहां 24×7 निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी प्रकार का अनावश्यक शटडाउन न लिया जाए, ताकि उपभोक्ताओं एवं औद्योगिक इकाइयों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शटडाउन केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही, और पूर्व सूचना के साथ लिया जाए।

बैठक के दौरान ऊर्जा मंत्री ने नोएडा में विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक दक्ष एवं उपभोक्तादृहितैषी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने घोषणा की कि नोएडा में एक अत्याधुनिक एवं नवीनतम कमर्शियल ऑफिस भवन बनाया जाएगा, जिसमें विभाग के सभी अधिकारी एक ही परिसर में साथ बैठ सकेंगे। इससे विभागीय समन्वय, कार्यक्षमता तथा उपभोक्ता सेवाओं की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

मंत्री श्री शर्मा ने विद्युत लाइनों के रखरखाव, ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि, बिलिंग एवं राजस्व वसूली प्रणाली को मजबूत करने सहित कई महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश भी प्रदान किए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उपभोक्ताओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और फील्ड कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।

इस समीक्षा बैठक में एमडी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम, एसई, अधिशासी अभियंता, तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

---

**सम्पर्क सूत्र**– प्रवीण मालवीय/राजेश राय

राम यतन/05:30 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in